# आइआइटीज में गर्ल्स को 15 हजार रैंक पर भी एडमिशन



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ●जेइइ एडवांस परीक्षा देने वाली गर्ल्स के लिए अच्छी खबर है। परीक्षा में 15 हजार रैंक तक आने वाली गर्ल्स को भी आइआइटी में आसानी से एडमिशन मिलेगा। एमएचआरडी (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) ने नई व्यवस्था की है। इनके लिए अलग से मेरिट लिस्ट बनेगी। साथ ही आइआइटी में गर्ल्स को 14 प्रतिशत एडमिशन एडिशनल दिया जाएगा। एक्सपर्ट्स के मुताबिक गर्ल्स रिजर्वेशन के तहत रैंक के अनुसार मेन स्ट्रीम ब्रांच में टॉपर गर्ल्स और एवरेज को ऑफ बीट ब्रांच मिलेगी। उदाहरण के मुताबिक, गर्ल्स को आइआइटी इंदौर में मेन स्ट्रीम बांच में मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल में एडमिशन मिल रहा है तो एमएचआरडी की दी सुविधा से आइआइटी मुंबई की भी मेन स्ट्रीम ब्रांच में प्रवेश मिलेगा। इससे इन संस्थानों में गर्ल्स का प्रवेश प्रतिशत बढ़ेगा। सभी आइआइटीज में अभी 10 प्रतिशत ही गर्ल्स प्रवेश लेती हैं।

**Patrika (Plus Page-1) 09.05.2018**